भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता का न्यायालय, सरायकेला।

अभिलेख सं0–टी0 ए0 मिस वाद सं0– 90A/2019-20

केस का प्रकार–(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा 46(i)a)

शिबु सोय ....आवेदक / विक्रेता

बनाम

जर्नादन बारदा.................................क्रेता

दिनांक	पदाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर	अभ्युक्ति

13.03.2020

विक्रेता :– शिबु सोय पिता स्व0 बुधु सोय, ग्राम–महाराजगंज, थाना–राजनगर, जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड),जाति–हो।

क्रेता :– जर्नादन बारदा पिता कानु चरण बारदा, ग्राम–केलुगोट, थाना–राजनगर जिला– सरायकेला–खरसावाँ(झारखण्ड), जाति–हो।

विक्रेता द्वारा दिनांक 03.10.2019 को आवेदन देकर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)a के तहत क्रेता जर्नादन बारदा पिता कानु चरण बारदा, ग्राम–केलुगोट, थाना–राजनगर जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड) को निम्नलिखित भूमि बिक्री करने हेतु अनुमति माँगी गयी है :–

:: **भूमि का विवरण** ::

मौजा	थाना /थाना नं0	खाता सं0	प्लॉट सं0	रकवा
महाराजगंज	राजनगर / 182	70	384 / अं0	23डी0

उक्त आवेदन के आलोक में अंचल अधिकारी, राजनगर से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई। साथ ही साथ सर्वसाधारण को जानकारी हेतु आम ईस्तेहार निर्गत किया गया।

अंचल अधिकारी, राजनगर का पत्रांक 120 दिनांक 07.02.2020 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है(अभिलेख के साथ संलग्न)। जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि :–

1. प्रस्तावित भूमि बिक्रेता के परदादाजी धोनो हो के नाम से खयितान में दर्ज है।
2. बिक्रेता अपने हिस्से की आंशिक भूमि को बिक्री करना चाहता है।
3. प्रस्तावित भूमि बिक्री करने के पश्चात् बिक्रेता के पास रकवा–2.31 एकड़ भूमि शेष बचेगा।
4. बिक्रेता पारिवारिक खर्च हेतु भूमि बिक्री करना चाहता है।
5. बिक्रेता एवं क्रेता दोनों एक थाना एवं जाति–'हो' है, जो अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत आते है।

लगातार................2

उपरोक्त प्रतिवेदन में अंचल अधिकारी, राजनगर ने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा—46(i)a के तहत आवेदक को प्रस्तावित भूमि बिक्री करने की अनुमति देने की अनुशंसा किया है।

न्यायालय द्वारा दिनांक 03.10.2019 को निर्गत आम सूचना का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। आज तक किसी ने कोई आपत्ति दायर नहीं की है।

अतः अंचल अधिकारी, राजनगर के अनुशंसा के आलोक में बिक्रेता शिबु सोय पिता स्व0 बुधु सोय, ग्राम—महाराजगंज, थाना—राजनगर, जिला—सरायकेला—खरसावाँ (झारखण्ड) क्रेता जर्नादन बारदा पिता कानु चरण बारदा, ग्राम—केलुगोट, थाना—राजनगर जिला—सरायकेला—खरसावाँ(झारखण्ड) को उभय पक्ष के निजी दायित्व पर ऊपर वर्णित रकवा—23डी0 भूमि बिक्री करने की अनुमति छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा—46(i)a के तहत दी जाती है तथा आदेश दिया जाता है कि प्रस्तावित भूमि की बिक्री सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम में नहीं करेंगे।

लेखापित,

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सरायकेला।

13/03/2020
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सरायकेला।